# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

पीठासीन अधिकारी :— महेन्द्र मीणा,आर.ए.एस.

*राजस्व वाद संख्या 93/2016*

वादीगण

सत्यनारायण पुत्र श्री गणपतलाल जाति दर्जी उम्र 58 वर्ष निवासी बावड़ी के पास, न्यू कॉलोनी, कुचामन सिटी तहसील कुचामन सिटी जिला नागौर, राजस्थान।

*बनाम*

प्रतिवादीगण

1. जन्नत बानो पत्नी भंवरू खां जाति तेली मुसलमान निवासी कुचामन सिटी।
2. नूर मोहम्मद पुत्र हाजी घासी जाति तेली मुसलमान निवासी कुचामन सिटी।
3. पदमचंद जैन पुत्र भंवरलाल जैन निवासी 3/A पार्श्वनाथ कॉलोनी,अजमेर रोड़, जयपुर।
4. अनोपसिंह पुत्र गुमानसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रूपपुरा तहसील कुचामन सिटी।
5. गजेन्द्रसिंह पुत्र कानसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम सिंहासन तहसील सीकर।
6. सुल्तानसिंह पुत्र विजयसिंह जाति चारण निवासी ग्राम श्रवणपुरा तहसील कुचामन सिटी।
7. हनुमानराम पुत्र नानूराम जाति जाट निवासी ग्राम जूसरिया तहसील मकराना जिला
8. पन्नालाल पुत्र भूराराम जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी।
9. पतासी देवी पत्नी हीराराम जाति जाट निवासी ग्राम नोनपुरा तहसील कुचामन सिटी
10. ज्ञानाराम पुत्र दयालराम जाति जाट निवासी ग्राम नोनपुरा तहसील कुचामन सिटी
11. नानूराम पुत्र डूंगाराम जाति जाट निवासी ग्राम नोनपुरा तहसील कुचामन सिटी
12. गणेशी देवी पत्नी भंवरलाल जाति जाट निवासी ग्राम नोनपुरा तहसील कुचामन सिटी
13. छोटू पुत्र दयालराम जाति जाट निवासी ग्राम नोनपुरा तहसील कुचामन सिटी
14. बोदूराम पुत्र हनुमानराम कस्वा जाति जाट निवासी ग्राम हरिपुरा तहसील नावां
15. कमला देवी पत्नी गणपतराम जाति जाट निवासी ग्राम आकोदा तहसील डीडवाना
16. सोहनी देवी पत्नी दानाराम जाति जाट निवासी ग्राम सूंथली तहसील मकराना
17. मुकनाराम पुत्र हनुमानराम जाति जाट निवासी मकराना तहसील मकराना
18. मोहनी देवी पत्नी छोटूराम जाति जाट निवासी ग्राम मुआना तहसील नावां
19. रतनी देवी पत्नी जोरूराम जाति जाट निवासी ग्राम मुआना तहसील नावां
20. नंदू देवी पत्नी लिखमाराम जाति गुर्जर निवासी ग्राम सुजानपुरा तहसील कुचामन सिटी
21. छोटी देवी पत्नी हीराराम जाति गुर्जर निवासी ग्राम सुजानपुरा तहसील कुचामन सिटी
22. रितु पत्नी लक्ष्मणराम जाति जाट निवासी ग्राम चितावा तहसील कुचामन सिटी
23. जगदीश प्रसाद पुत्र भैरूराम जाति कुमावत निवासी ग्राम मीठड़ी तहसील नावां
24. फिरोजा बानो पत्नी कासम अली जाति रंगरेज मुसलमान निवासी कुचामन सिटी
25. जीवणाराम पुत्र देवाराम साहू जाति जाट निवासी ग्राम पाबूपुरा तहसील डीडवाना
26. भंवरी देवी पत्नी गिरधारीलाल जाति कुमावत निवासी ग्राम खारड़िया तहसील नावां
27. विजय कौर पत्नी नन्दकिशोर जाति दर्जी निवासी कुचामन सिटी।
28. दूलीचंद पुत्र लक्ष्मणराम जाति कुमावत निवासी नावां तहसील नावां।

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
कुचामन सिटी (नागौर)

29. अमीना बानो पत्नी इकबाल खां जाति कायमखानी मुसलमान निवासी कुचामन सिटी
30. गुमानी देवी पत्नी रामनिवास जाति जाट निवासी ग्राम करकेड़ी
31. सुगनाराम पुत्र बलदेवाराम जाति जाट निवासी ग्राम पांचोता तहसील नावां
32. हीराराम पुत्र भेरूराम जाति जाट निवासी ग्राम लिचाणा तहसील नावां।
33. कानाराम पुत्र तुलछाराम जाति जाट निवासी ग्राम गौगोर तहसील नावां।
34. बेगाराम पुत्र भेरूराम जाति जाट निवासी ग्राम नोनपुरा तहसील कुचामन सिटी
35. भंवरलाल पुत्र दानाराम जाति जाट निवासी ग्राम शिवदानपुरा तहसील कुचामन सिटी
36. भंवराराम पुत्र पूसाराम जाति जाट निवासी ग्राम मिण्डकिया तहसील मकराना
37. भागीरथराम पुत्र मन्नाराम जाति जाट निवासी ग्राम शिवदानपुरा तहसील कुचामन सिटी
38. लिछमणराम पुत्र भोलूराम जाति जाट निवासी ग्राम आसपुरा तहसील कुचामन सिटी
39. अर्जुनराम पुत्र चिमनाराम जाति जाट निवासी ग्राम राजपुरा तहसील कुचामन सिटी
40. कमला देवी पत्नी रामचन्द्र जाति जाट निवासी ग्राम राजपुरा तहसील कुचामन सिटी
41. राजेन्द्रसिंह पुत्र ज्ञानाराम जाति जाट निवासी कुचामन सिटी।
42. मानाराम पुत्र बोदूराम जाति जाट निवासी ग्राम गौगोर तहसील नावां।
43. बन्नाराम पुत्र रामूराम जाति जाट निवासी ग्राम मुआना तहसील नावां।
44. महेश कुमावत पुत्र मोतीलाल जाति कुमावत निवासी पालवास रोड़, सीकर।
45. प्रेमदेवी पत्नी प्रभुराम जाति जाट निवासी ग्राम उचेरिया तहसील मकराना।
46. भंवरलाल पुत्र मोटाराम जाति जाट निवासी ग्राम केरपुरा तहसील कुचामन सिटी
47. मोहनी देवी पत्नी मोतीराम चौधरी जाति जाट निवासी ग्राम खाखोली तहसील डीडवाना
48. कैलाशी देवी पत्नी नोलाराम जाति जाट निवासी ग्राम निमोद तहसील डीडवाना
49. सोहनी देवी पत्नी भींवाराम जाति जाट निवासी ग्राम राजपुरा तहसील कुचामन सिटी
50. कमला देवी पत्नी गिरधारीलाल जाति कुमावत निवासी ग्राम गुढा साल्ट तहसील नावां
51. श्रवणी पत्नी प्रहलादराम जाति जाट निवासी ग्राम सुरतपुरा (चावण्डिया)
52. भंवरी देवी पत्नी बिरदाराम जाति जाट निवासी ग्राम बरवाली तहसील मकराना
53. विमला देवी पत्नी नेमीचंद जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी
54. भंवरी देवी पत्नी भंवरलाल जाति जाट निवासी ग्राम राजपुरा तहसील कुचामन सिटी
55. लादी देवी पत्नी दुर्गाराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम प्रेमपुरा तहसील कुचामन सिटी
56. दुर्गाराम पुत्र हरदानाराम जाति गिवारिया निवासी कुचामन सिटी।
57. मदनलाल पुत्र डूंगरराम जाति गिवारिया निवासी कुचामन सिटी।
58. दूलाराम पुत्र नारायणराम जाति जाट निवासी ग्राम बूडसू तहसील मकराना।
59. उषा देवी पत्नी दिनेश भार्गव जाति भार्गव निवासी कुचामन सिटी।
60. दूलाराम पुत्र बीरमाराम जाति जाट निवासी ढाका की ढाणी तहसील डीडवाना।
61. मेघाराम पुत्र जीवणराम जाति जाट निवासी ग्राम कूकड़ोद तहसील मकराना।
62. मीरा देवी पत्नी ताराचंद कुमावत जाति कुमावत निवासी कुचामन सिटी।
63. चुनी देवी पत्नी राजूराम जाति जाट निवासी ग्राम सूंथली तहसील मकराना।
64. शान्ति देवी पत्नी राधेश्याम जाति स्वामी निवासी ग्राम गौगोर तहसील नावां।
65. किरण पत्नी राधेयामं जाति जांगिड़ निवासी ग्राम पांचोता तहसील नावां।

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
कुचामन सिटी (नागौर)

66. हरचंदराम पुत्र गोमाराम जाति जाट निवासी ग्राम निमोद तहसील डीडवाना।
67. राधेश्याम पुत्र मोहनलाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम हरिपुरा तहसील नावां।
68. नारायणी देवी पत्नी शिवकरण जाति जाट निवासी ग्राम चाण्डी तहसील मकराना
69. हीरा देवी पत्नी बिंजाराम जाति जाट निवासी ग्राम चाण्डी तहसील मकराना
70. नारायणी देवी पत्नी रूघाराम जाति जाट निवासी ग्राम भरनाई तहसील मकराना
71. मोहनी देवी पत्नी गंगाराम जाति कुमावत निवासी ग्राम लिचाणा तहसील नावां
72. बरजी देवी पत्नी गोरधनराम जाति जाट निवासी ग्राम चितावा तहसील कुचामन सिटी
73. पीरू पुत्र छिगना जाति तेली मुसलमान निवासी कुचामन सिटी।
74. उस्मान पुत्र छिगना जाति तेली मुसलमान निवासी कुचामन सिटी।
75. रिछपाल पुत्र जीवणराम जाति जाट निवासी गोपालपुरा तहसील कुचामन सिटी
76. चेनाराम पुत्र भंवरलाल जाति जाट निवासी गोपालपुरा तहसील कुचामन सिटी
77. सोहनराम पुत्र हणमानराम जाति जाट निवासी गोपालपुरा तहसील कुचामन सिटी
78. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी (लेण्ड होल्डर)

*दावा बंटवारा होल्डिंग व स्थाई निषेधाज्ञा*
*अन्तर्गत धारा 53 व 188 राजस्थान टिनेन्सी एक्ट 1955*

**उपस्थित :— श्री मेवाराम चौधरी अधिवक्ता वादी की ओर से।**

## *निर्णय*

दिनॉक :— 9/1/17

वादी द्वारा प्रस्तुत वाद का सार संक्षेप में इस प्रकार से है कि कस्बा कुचामन सिटी की सरहद में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 331 रकबा 12.09 हैक्टर, खसरा नं. 332 रकबा 2.63 हैक्टर कुल खसरा 2 कुल रकबा 14.72 हैक्टर है। इन खसरों में से मोहम्मद इस्माइल पुत्र मोहम्मद हनीफ जाति तेली मुसलमान निवासी कुचामन सिटी के 0.3323 हैक्टर में से 0.1550 हैक्टर भूमि जरिए पंजीकृत बेचान दिनांक 30/05/2016 को जगदीश प्रसाद ने खरीद की जिसका नामान्तरकरण सं. 4758 दिनांक 15/07/2016 को स्वीकृत हुआ। वादी ने दिनांक 02/12/2016 को जगदीश प्रसाद से उसका सम्पूर्ण हिस्सा रकबा 0.1550 हैक्टर खरीद किया जिसका अंकन राजस्व रेकर्ड में जरिए नामान्तरकरण दर्ज किया जा चुका है। जिससे वादी उपरोक्त खसरों मे खातेदारी दर्ज हुई। वादी द्वारा प्रार्थना—पत्र पेश कर जगदीश प्रसाद पुत्र हणमानराम के स्थान पर वादी बनने का प्रार्थना पत्र पेश किया गया है जिसे स्वीकार कर जगदीश प्रसाद के स्थान पर सत्यनारायण को वादी पक्षकार बनाया गया। ऊपर वर्णित विवरण अनुसार खसरा संख्या 331, 332 में 0.1550 हैक्टर का वादी काबिज खातेदार काश्तकार दर्ज चला आ रहा है। मौके पर वादी का कब्जाकाश्त अलग से है। वादी के कब्जा काश्त के अनुसार नजरी नक्शा परिशिष्ट 'क' प्रस्ततुत किया । जो इस वाद का भाग समझा जायेगा। वादी खसरा संख्या 331, 332 का 0.1550 हैक्टर का खातेदार काश्तकार है एवं बंटवारा करवाकर अलग होल्डिंग कायम करवाने का अधिकारी है। वादी ने प्रतिवादी सं. 1 ता 77 सहखातेदारान को अपने खरीदशुदा भूमि रकबा 0.1550

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
कुचामन सिटी (नागौर)

हैक्टर का भू–विभाजन विधिवत रूप से करने हेतु कई मर्तबा कहा, लेकिन प्रतिवादीगण द्वारा इन्कार करने पर वादी को यह वाद लाना आवश्यक हुआ। कि वादी उपरोक्त खसरों 331, 332 का विधिवत खातेदार काश्तकार है एवं खातेदार का हैसियत से काबिज चला आ रहा है। बिनाय दावा उपरोक्त खसरा नं. 331 व 332 की भूमि का प्रतिवादी सं. 1 ता 77 द्वारा बाई मीट्स एण्ड बाउण्ड्स बंटवारे से इन्कार करने से बमुकाम कुचामन सिटी पैदा हुआ। वादी की इस्तदुआ है कि डिक्री बहक वादी विरूद्व प्रतिवादीगण इस आशय की जारी फरमाई जावे कि कस्बा कुचामन सिटी की सरहद में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 331 रकबा 12.09 हैक्टर, खसरा नं. 332 रकबा 2.63 हैक्टर कुल खसरा 2 कुल रकबा 14.72 हैक्टर का वाद के साथ संलग्न परिशिष्ट 'क' के माफिक बाई मीट्स एण्ड बाउण्ड्स बंटवारा करवाया जाकर वादी की 0.1550 हैक्टर भूमि की अलग होल्डिंग कायम की जावे।

वाद वादी दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण 1 से 77 की तलबी जरिये सम्मन की गई। रिपोर्ट सवार अनुसार आबादी अधिक होने एवं सही पता नही होने से तलबी कराने में असमर्थता जताई। तत्पश्चात वादी द्वारा प्रार्थना–पत्र आर्डर 5 रूल्स 20 सी.पी.सी एवं 151 सी.पी.सी. के तहत प्रस्तुत करने पर प्रार्थना–पत्र पर सुनवाई की गई जिसमे अखबार स्याहा का खर्चा वादी द्वारा वहन किये जाने पर प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर प्रतिवादीगण 1 से 77 की तलबी जरिये अखबार स्याहा कराई गई। प्रतिवादीगण 1 से 77 की तलबी हेतु प्रकाशित सम्मन दिनॉक 21 नवम्बर 2016 के ईवनिंग प्लस पिंकसिंट पेपर में अंकन होकर प्रति प्रस्तुत हुई। प्रतिवादीगण 1 से 77 को दिनॉक 27.12.2016 को आवाजे लगाई गई। बावजूद सूचना अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रतिवादी संख्या 78 का सम्मन तामिल होकर प्राप्त । बावजूद सूचना प्रतिवादी संख्या 78 अनुपस्थित रहे, जिससे उनके विरूद्व भी एक–पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

वादी द्वारा दस्तावेजी साक्ष्य में सम्वत 2070–2073 ग्राम कुचामनसिटी के खाता संख्या 554 खसरा नम्बर 331 332 की नकल, नक्शा ट्रेस की नकल, नजरी नक्शा की प्रति, बेचान दस्तावेज संख्या 2016004354/02.12.2016 की प्रति प्रस्तुत की। मौखिक साक्ष्य मे स्वयं का शपथ–पत्र प्रस्तुत किया।

वकील वादी की एक–पक्षीय बहस सुनी गई। बहस दौरान वकील वादी ने बताया है कि ग्राम कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 331 332 कुल रकबा 14.72 में क्रय सुदा भूमि बेचाननामा में अंकित माप एवं पाड़ौसियान के मध्य उपलब्ध एवं नजरी नक्शा मुताबिक वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे। वकील वादी की बहस एवं उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। वाद जगदीश प्रसाद पुत्र हणमानराम जाति कुमावत निवासी कुचामनसिटी द्वारा प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात वादी जगदीश प्रसाद द्वारा अपना सम्पूर्ण हिस्सा सत्यनारायण पुत्र गणपतलाल जाति दर्जी निवासी कुचामनसिटी को बेचान किया गया। जिससे सत्यनारायण द्वारा प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत आदेश 22 नियम 10 सपठित आदेश 1 रूल्स 10 (2) व धारा 151 सी.पी.सी. के तहत प्रस्तुत करने पर सुनवाई कर प्रार्थना–पत्र स्वीकार कर जगदीश प्रसाद के स्थान पर सत्यनारायण को

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
कुचामन सिटी (नागौर)

वादी पक्षकार बनाया गया। वादी द्वारा प्रस्तुत बेचान दस्तावेज संख्या 2016004354 दिनॉक 02.12.2016 अनुसार कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 331 332 मे से 0.1550 हैक्टर भूमि उत्तरी भुजा 53 मीटर लम्बी, दक्षिणी भुजा 41.70 मीटर लम्बी, पूर्वी भुजा 37.50 मीटर लम्बी, पश्चिमी भुजा 29.88 मीटर लम्बी तथा भूमि के पाड़ौस उत्तरी तरफ बड़ला का बास जाने वाली 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणी तरफ डॉ. बान्ता की भूमि, पूर्वी तरफ अन्य खातेदारो की भूमि व पश्चिमी तरफ मेगा हाईवे सड़क है एवं उक्त भूमि के चारो तरफ चार दिवारी बनी हुई बताया है। वादी वकील द्वारा बहस दौरान बताया कि भूमि का बंटवारा का अनुतोष नही चाहकर नजरी नक्शा अनुसार डिक्री किये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण में किसी भी पक्षकार द्वारा उक्त सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत नही की है, जिससे साफ जाहिर होता है कि वादी अपने कब्जे काश्त की भूमि पर शांतिपूर्वक काबिज होकर काश्त करता आ रहा है। जिसकी पुष्टि बचोन दस्तावेज में अंकित भूमि का माप एवं पाड़ौस से भी होती है । वादी ने अपने शपथ–पत्र में भी उक्त तथ्यो का अंकन किया है। वादी द्वारा अपने हक हिस्से की भूमि को उक्त अनुसार राजस्व रेकार्ड एवं नक्शा ट्रेस में अंकित किये जाने की इस्तदुआ की है। वादी के द्वारा प्रस्तुत बेचान दस्तावेज से नजरी नक्शा की पुष्टि होती है कि वादी उक्त पाड़ौसियान के मध्य काबिज चला आ रहा है। इस प्रकार वाद वादी साबित होने से निम्न प्रकार डिक्री किया जाता है।

## आदेश

ग्राम कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 331 332 कुल रकबा 14.72 हैक्टर में खसरा नम्बर 332 मे से 0.1550 हैक्टर भूमि प्रस्तुत नजरी नक्शा अनुसार (उत्तरी पश्चिमी कोने में) वादी सत्यनारायण पुत्र गणपतलाल जाति दर्जी निवासी कुचामनसिटी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है, शेष खाता बदस्तूर रहेगा। नजरी नक्शा डिक्री का भाग रहेगा। उपरोक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद एवं नक्शा ट्रेस में तरमीम किये जाने हेतु तहसीलदार कुचामनसिटी को आदेश दिये जाते है। डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल किया जावे।

निर्णय आज दिनॉक 9/1/2017 को सरे इजलास सुनाया गया।

(महेन्द्र मीणा)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी
एंव उदय सहायक कलेक्टर
कुचामन सिटी (नागौर)